बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
आदेश

आदेश संख्या–12 / वि0–145 / 2026– 728 / पटना, दिनांक– 14.5.26

संवेदक Avian Infrastructure (सूचीबद्धता सं0–00090 / 2018) को कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर के कार्यालय आदेश सं0–189, दि0–22.12.2025 के द्वारा किये गये डिबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन पर दिनांक–11.05.2026 को सुनवाई के संबंध में।

11.05.2026 संवेदक Avian Infrastructure, C/O-Abhinav Kumar, Shiv Jyoti, Behind Baldev Bhawan, Punaichak, Patna (सूचीबद्धता सं0–00090 / 2018) एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर उपस्थित।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर अंतर्गत एजेंसी Avian Infrastructure (सूचीबद्धता सं0–00090 / 2018) को मुंगेर जिला अन्तर्गत हर घर नल का जल योजना के तहत एकरारनामा सं0–SBD-05, 06 & 10 में बकाया विद्युत विपत्र के भुगतान में सम्यक् अभिरूचि नहीं लेने के कारण कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर के कार्यालय आदेश संख्या–189, दि0–22.12.2025 से अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया।

संवेदक के द्वारा बकाया विद्युत विपत्र के भुगतान के पश्चात वर्णित एकरारनामा में डिबार आदेश से मुक्त करने हेतु अपने अभ्यावेदन (Ref No- AI/GEN/2025-26/6261 दिनांक–08.05.2026) के माध्यम से अपील किया गया।

एजेंसी से प्राप्त अपील अभ्यावेदन के आलोक में दिनांक–11.05.2026 को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा इस मामले की सुनवाई की गयी, जिसमें संवेदक तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर के द्वारा भाग लिया गया।

सुनवाई के क्रम में संवेदक के द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं कार्यपालक अभियंता के द्वारा अवगत कराया गया कि संवेदक के द्वारा बकाया विद्युत विपत्र के भुगतान में सम्यक अभिरूचि नहीं लेने के कारण संवेदक को डिबार किया गया था। तत्पश्चात्, कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि डिबार करने के बाद संवेदक के द्वारा लंबित विद्युत विपत्र का भुगतान कर दिया गया है।

अतः क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं संवेदक के अभिकथन के आलोक में सम्यक समीक्षोपरांत कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर के द्वारा एजेंसी Avian Infrastructure (सूचीबद्धता सं0–00090 / 2018) को अगली निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है।

ह0 / –
(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांक--12 / वि0–145 / 2026– 728 पटना, दिनांक– 14.5.26

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना / बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना / बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 14.05.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–145 / 2026– 728 पटना, दिनांक– 14.5.26

प्रतिलिपि–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय) / सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता / आई0 टी0 मैनेंजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0 टी0 मैनेंजर को निदेश है कि इसे विभागीय वेवसाईट पर अपलोड किया जाय।

अभय 14.05.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post/
Email

ज्ञापांक–12 / वि0–145 / 2026– 728 पटना, दिनांक– 14.5.'26

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर / संवेदक, Avian Infrastructure, C/O-Abhinav Kumar, Shiv Jyoti, Behind Baldev Bhawan, Punaichak, Patna को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभय 14.05.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक--12 / वि0–145 / 2026– 728 पटना, दिनांक– 14.5.26

प्रतिलिपि–सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 14.05.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)